{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
गुरुवार 04 जून 2026
ज्येष्ठ कृष्ण 04 विक्रम सम्वत 2083
वर्ष 16, अंक 250
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | - | 74,267.34 |
| निफ्टी | - | 23,382.60 |
| सोना | - | 1,56,220 |
| चांदी | - | 2,80,000 |
| डॉलर | - | 95.20 |

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### केरल में दो मंजिला कब्रिस्तान

त्रिशूर। केरल के त्रिशूर जिले में जमीन की कमी से निपटने के लिए एक अनोखी पहल की गई है। यहां सेंट अल्फोंसा चर्च ने दो मंजिला कवर्ड कब्रिस्तान का निर्माण कराया है, जो राज्य में अपनी तरह का पहला प्रोजेक्ट माना जा रहा है। एक एकड़ से कम क्षेत्र में बने इस आधुनिक कब्रिस्तान में कुल 388 कब्र कक्ष बनाए गए हैं। भवन पूरी तरह छत से ढका हुआ है, जिससे बारिश और खराब मौसम में भी अंतिम संस्कार की रस्में आसानी से संपन्न हो सकेंगी। चर्च प्रबंधन का कहना है कि बढ़ती आबादी और सीमित भूमि को देखते हुए यह मॉडल भविष्य में अन्य क्षेत्रों के लिए भी उपयोगी साबित हो सकता है।

### काशी में बनेगा 130 फीट ऊंचा शिवलिंग

वाराणसी। उत्तरप्रदेश के काशी में जल्द ही एक भव्य और अनोखी परियोजना आकार लेने जा रही है। वाराणसी नगर निगम कमच्छा स्थित ब्रिटिश कालीन जलकल परिसर की करीब 20 एकड़ भूमि पर विश्वस्तरीय शहरी पार्क विकसित करने की तैयारी में है। परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को मंजूरी मिल चुकी है और इसका थ्री-डी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पार्क की भव्यता और प्रस्तावित 130 फीट ऊंचे शिवलिंग की आकर्षक झलक दिखाई गई है। पार्क की सबसे बड़ी विशेषता इसके केंद्र में स्थापित किया जाने वाला 130 फीट ऊंचा शिवलिंग होगा। जानकारों के अनुसार, निर्माण पूरा होने के बाद यह दुनिया का सबसे ऊंचा शिवलिंग बन सकता है। वर्तमान में बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में स्थित विराट रामायण मंदिर का 33 फीट ऊंचा अखंड शिवलिंग सबसे ऊंचे शिवलिंगों में गिना जाता है।

### शिरडी साईं बाबा को भक्त ने अर्पित किया 15 लाख रुपये का डायमंड ब्रोच

मुंबई। महाराष्ट्र के शिरडी स्थित साईं बाबा मंदिर से श्रद्धा और समर्पण की खास मिसाल सामने आई है। दिल्ली के एक साईं भक्त ने बाबा के चरणों में करीब 15 लाख रुपये मूल्य का हीरों और बहुमूल्य रत्नों से जड़ा स्वर्ण ब्रोच भेंट किया है। इस अनमोल भेंट की चर्चा अब सोशल मीडिया पर भी तेजी से हो रही है। जानकारी के अनुसार, यह ब्रोच साधारण आभूषण नहीं है। इसे लगभग 80 ग्राम सोने से तैयार किया गया है और इसमें असली हीरे तथा कई कीमती रत्न जड़े गए हैं। मोरपंख के आकार में डिजाइन किए गए इस ब्रोच की अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही है। साईं बाबा के प्रति अपनी गहरी आस्था व्यक्त कर भक्त ने यह बेशकीमती भेंट शिरडी साईं संस्थान को सौंप दी। खास बात यह है कि दान देने वाले श्रद्धालु ने अपनी पहचान सार्वजनिक नहीं की है।

## दिल्ली के मालवीय नगर होटल में अग्निकांड!

# अब 21 की मौत; 47 लोगों का किया रेस्क्यू

नई दिल्ली। राजधानी के दक्षिणी दिल्ली के हौजरानी इलाके में स्थित फ्लोरिस्ट इन होटल में बुधवार सुबह भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आने से कम से कम 21 लोगों की मौत होने की पुष्टि हुई है। सुबह 8.50 बजे सूचना मिलते ही दमकल विभाग, पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। अब तक 47 से अधिक लोगों को बचाया जा चुका है, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है, जबकि पूरे इलाके में एहतियात के तौर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



### पीएम और सीएम - एलजी ने जताया शोक

दिल्ली के मालवीय नगर में स्थित हौज रानी में बने होटल में लगी आग मामले में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मरने वाले के प्रति शोक जताया है। दिल्ली के स्र तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि मालवीय नगर के हौज रानी स्थित एक होटल में लगी भीषण आग की घटना से मैं बेहद दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवारों के साथ हैं और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना में सभी के साथ शामिल हूं।

### - विधायक सतीश उपाध्याय पहुंच घटना स्थल पर

मालवीय नगर विधायक सतीश उपाध्याय ने कहा कि सुबह 8.51 की यह घटना है। सूचना मिलते ही हमने पूरे सिस्टम को सक्रिय किया था। सभी लोग यहां समय पर आ गए थे। हमारे स्थानीय नागरिकों ने भी रेस्क्यू ऑपरेशन में भूमिका निभाई। कुल 47 लोगों का आंकड़ा सामने आया है जो इस होटल में रह रहे थे। कुछ लोगों को हमने छत से भी नीचे उतारा और 21 लोगों की मौत हुई है।

### - होटल में मौजूद थे ज्यादातर विदेशी

आसपास में रहने वाले लोगों ने जानकारी देते हुए कहा कि 5 मंजिला इस होटल में 25 कमरे बने हुए थे, जिसमें 40 लोग रुके हुए थे। इसमें ज्यादातर विदेशी लोग शामिल थे जो बाहर से इलाज कराने के लिए आए थे। जब होटल में आग लगी थी तब ज्यादातर लोग सोए हुए हुए थे। मरने वाले सभी लोग विदेशी बताए जा रहे हैं। हौजरानी की तंग गलियों में बने इस होटल के बेसमेंट में रेस्टोरेंट बना हुआ था।

### - रेस्टोरेंट के शेफ ने बताया- कितनी भयानक थी आग

होटल के रेस्टोरेंट में काम करने वाले शेफ केसर सिंह ने पुलिस को बताया कि सुबह का वक्त था करीब 8 बजे जैसे ही उसने इलेक्ट्रिक चूल्हे को जलाने की कोशिश की तो आग एक दम भड़क गई। आग पहले से होटल में लगी थी मैंने तुरंत अपने असिस्टेंट को बोला कि होटल में आग लगी है। मैं बाहर आया तो देखा कि होटल जल रहा था। मैं किसी तरह वहां से बचकर निकला। खुद केसर नेगी बताते हैं कि इस हादसे में कई लोगों की मौत हो सकती है।

### - दिल्ली पुलिस को सुबह 8ः50 बजे हमें कॉल मिली

दिल्ली पुलिस ने कहा कि मालवीय नगर के एक रेस्टोरेंट में आग लगने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है, तो वहीं अग्निशमन अधिकारी एके मलिक ने जानकारी देते हुए कहा कि सुबह 8ः50 बजे हमें कॉल मिली थी। शुरुआत में 7 दमकल की गाड़ियों को भेजा गया, उसके बाद और गाड़ियों को भेजा गया...37 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। इमारत को पूरा सर्च कर लिया गया है... इस बीच मालवीय नगर में आग लगने की जगह पर फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम जांच के लिए पहुंची हैं।

### - अमित शाह ने व्यक्त किया शोक

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मालवीय नगर अग्निकांड में हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्यों में जुटा हुआ है। इस हृदयविदारक त्रासदी में जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर शोक संतप्त परिवारों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### - महिला गोद में बच्चे को लेकर तीसरी मंजिल से कूदी

जैसे-जैसे घना धुआं पूरी इमारत में फैलने लगा और आग तेजी से फैलती गई, कई लोग खिड़कियों के शीशे तोड़कर मदद के लिए गुहार लगाते दिखाई दिए। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि एक महिला अपनी गोद में छोटे बच्चे को लेकर तीसरी मंजिल से कूद गई। उससे पहले स्थानीय लोगों ने इमारत में फंसे लोगों को बचाने के लिए नीचे जमीन पर गद्दे बिछा दिए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला बच्चे के साथ एक गद्दे पर गिरी और उसे कुछ चोटें आई होंगी। इसके तुरंत बाद उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

### - लोगों ने इमारत के नीचे गद्दे बिछा

उन्होंने बताया कि महिला बच्चे को कसकर पकड़े हुए थी और जब बाहर निकलने का कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा, तब उसने छलांग लगा दी। लोगों ने पहले ही इमारत के नीचे गद्दे बिछा दिए थे। मां और बच्चा दोनों बच गए, लेकिन ऐसा लगा रहा था कि महिला को चोटें आई हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि आपातकालीन सेवाओं के पहुंचने से पहले ही इलाके के लोग बचाव कार्य में जुट गए थे।

## संविधान की प्रति हाथ में लेकर शिवकुमार ने कर्नाटक सीएम पद की ली शपथ

### -जी. परमेश्वर बने उपमुख्यमंत्री, 13 मंत्रियों ने भी संभाली जिम्मेदारी

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए डीके शिवकुमार ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान उन्होंने हाथ में संविधान की प्रति लेकर पद और गोपनीयता की शपथ ली। उनके साथ 13 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर कांग्रेस नेतृत्व ने इसे राज्य के विकास और सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

शपथ ग्रहण समारोह में जी परमेश्वर ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इससे पहले राज्य में एक से अधिक उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की चर्चाएं चल रही थीं, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व ने फिलहाल परमेश्वर को ही यह जिम्मेदारी सौंपी है।

नई मंत्रिपरिषद में कई वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को शामिल किया गया है। मंत्री पद की



शपथ लेने वालों में के.एच. मुनियप्पा, के.जे. जॉर्ज, एम.बी. पाटिल, रामलिंगा रेड्डी, सतीश जारकीहोली, कृष्णा बायरेगौड़ा, प्रियंक खड़गे, यू.टी. खादर, ईश्वर खंड्रे, यतींद्र सिद्धारमैया, यरथी सुरेश और शरण प्रकाश पाटिल सहित अन्य शामिल हैं। नई सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के पुत्र यतींद्र सिद्धारमैया और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पुत्र प्रियंक खड़गे को भी मंत्री बनाया गया है। इसे कांग्रेस नेतृत्व और संगठन के बीच संतुलन बनाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

### सोनिया गांधी ने शिवकुमार को दी बधाई

शपथ ग्रहण से पहले कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने फोन पर डीके शिवकुमार को बधाई दी। पार्टी नेताओं ने भी उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत बनाने और राज्य में कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। समारोह में शामिल होने पहुंचे मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यख जीतू पटवारी ने कहा कि डीके शिवकुमार ने संगठन और सरकार के बीच समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है।

## ममता की टीएमसी टूटी, 58 विधायकों ने बनाया अलग गुट

### ऋतब्रत बनर्जी को चुना गया विधायक दल का नेता, स्पीकर ने दी स्वीकृति

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में ममता की टीएमसी में फूट पड़ गई है। सोमवार को पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी को पार्टी के 58 बागी एमएलए ने विधायक दल का नेता घोषित किया। बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बोस से मिलकर समर्थन पत्र भी सौंपा। जावेद खान, संदीपन साहा और सिउली साहा को उपनेता बनाया गया है। वहीं अखरुज्जमान को चीफ व्हिप बनाया गया है। हालांकि बागी गुट ने अपने पत्र में ममता बनर्जी को अब भी पार्टी अध्यक्ष बताया है। लेकिन अभिषेक बनर्जी का नेतृत्व और विधायक दल से जुड़े फैसलों को मानने से इनकार किया है। उधर, स्पीकर रथिंद्र बसु ने टीएमसी के बागी गुट के नेता ऋतब्रत बनर्जी को टीएमसी विधायक दल का नेता मान लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विधानसभा स्पीकर ने ऋतब्रत बनर्जी को विधानसभा में विपक्ष के नेता के कमरे की चाबी सौंप दी है।

सोमवार को अभिषेक बनर्जी के लेटर हेड पर स्पीकर को भेजे गए पत्र में शोभनदेव को नेता विपक्ष बनाने का प्रस्ताव भेजा था। विधायक संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी ने शिकायत की थी कि इस प्रस्ताव पर उनके हस्ताक्षर फर्जी हैं। शिकायत के बाद ममता ने दोनों विधायकों को पार्टी से निष्कासित कर दिया था।

### टीएमसी के सभी कमेटियां, फंटल आर्गनाइजेशन भंग

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद ममता बनर्जी ने बड़ा एक्शन लेते हुए तृणमूल कांग्रेस की सभी कमेटियों, पार्टी से जुड़े संगठनों को तत्काल प्रभाव से विलय कर दिया है। टीएमसी ने कहा है कि सभी कमेटियों और फंटल ऑर्गनाइजेशन का पुनर्गठन किया जाएगा। टीएमसी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि गहन विचार-विमर्श के बाद, यह निर्णय लिया गया है कि पश्चिम बंगाल में अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की सभी समितियां, साथ ही इसके सभी अनुषांगिक संगठन, तत्काल प्रभाव से भंग माने जाएंगे।

## बैंक-कर्जदार के बीच लोन समझौते के बाद आपराधिक मुकदमा नहीं चला सकते

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में अहम फैसला सुनाते हुए कहा है कि यदि किसी बैंक और कर्जदार के बीच लोन खाते को लेकर समझौता हुआ है, तो उसके बाद उसी मामले में आपराधिक कार्यवाही जारी रखना सही नहीं है। कोर्ट ने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में मुकदमे जारी रहने से देश की अर्थव्यवस्था पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि बैंकिंग लेनदेन से जुड़े विवाद मुख्य रूप से व्यावसायिक और दीवानी प्रकृति के होते हैं। जब दोनों पक्ष आपसी सहमति से विवाद का निपटारा कर लेते हैं, तब आपराधिक मुकदमा जारी रखना कर्जदार के लिए उत्पीड़नकारी होगा और यह न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग भी माना जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक मामले में एक कारोबारी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उसने बताया कि उसने बैंक के साथ डेट्स रिकवरी ट्रिब्यूनल के समक्ष समझौता कर लिया था और 6.49 करोड़ रुपए की बकाया राशि के बदले 4.25 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया था। इसके बावजूद बैंक ने दो साल बाद धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज कराया, जिसकी जांच सीबीआई ने की और चार्जशीट दाखिल की।



## कोयला घोटाला मामला : कोर्ट ने नवीन जिंदल, पीसी पारेख के खिलाफ किया समन जारी

### अब कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को करेगी

नई दिल्ली,। दिल्ली की एक विशेष कोर्ट ने सोमवार को उद्योगपति नवीन जिंदल, पूर्व कोयला सचिव पी सी पारेख और अन्य आरोपियों के खिलाफ दायर आरोप-पत्र पर संज्ञान लेते हुए उन्हें समन जारी किया है। कोर्ट ने आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी से जुड़ी धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोपों पर सुनवाई शुरू करने का फैसला किया है। स्पेशल जज सुनेना शर्मा ने नवीन जिंदल, जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, पी सी पारेख, राकेश कुमार जिंदल, राम किशोर, एस के अग्रवाल और जिंदल स्ट्रिप्स लिमिटेड को 17 जुलाई को कोर्ट में मौजूद रहने का निर्देश दिया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि यह कोयला ब्लॉक आवंटन मामलों से जुड़ी सबसे विस्तृत और भारी-भरकम आरोप-पत्रों में से एक है। मामले



की जांच सीबीआई ने की है, जिसने आरोप लगाया है कि कोयला ब्लॉक आवंटन और खनन पट्टे से जुड़े नियमों का उल्लंघन किया गया है। सीबीआई के मुताबिक 1996 में छत्तीसगढ़ के गारे पाल्मा 4/1 कोयला ब्लॉक का आवंटन जिंदल स्ट्रिप्स लिमिटेड को 0.6 मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता वाले स्पंज आयरन प्लांट के लिए किया गया था। एजेंसी का आरोप है कि ब्लॉक में कोयले का भंडार निर्धारित जरुरत से काफी ज्यादा था, जिसके बावजूद आवंटन किया गया।

जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि खनन पट्टे के लिए केंद्र सरकार की ओर से 705 हेक्टेयर क्षेत्र को मंजूरी दी गई थी, लेकिन पट्टा मंजूरी सीमा से ज्यादा क्षेत्र में निष्पादित किया गया। बाद में 2005 में स्क्रीनिंग समिति ने कथित अनियमितता को नियमित करते हुए स्वीकृत क्षेत्र से अतिरिक्त भूमि शामिल करने का प्रस्ताव भी दिया। मामले के दस्तावेजों के मुताबिक मार्च 2004 में जेएसपीएल ने कोयला ब्लॉक से उत्पादन क्षमता 2 मिलियन टन प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 6 मिलियन टन प्रतिवर्ष करने की अनुमति मांगी थी। इस दौरान कोयला मंत्रालय ने पट्टे की सीमाओं और अतिरिक्त उत्पादन से जुड़ी विसंगतियां पाई थीं और कंपनी से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा था। अब कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी।

### 10 साल बाद पलटा चुनावी नतीजा, मद्रास हाई कोर्ट ने एम. अप्पावु को घोषित किया 2016 का विजेता

चेन्नई । तमिलनाडु की राजनीति से जुड़ा एक दशक पुराना चुनावी विवाद आखिरकार न्यायिक फैसले के साथ समाप्त हो गया। मद्रास हाई कोर्ट ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एम. अप्पावु को वर्ष 2016 के राधापुरम विधानसभा चुनाव का वैध विजेता घोषित कर दिया है। अदालत ने अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एआईएडीएमके) उम्मीदवार आई. एस. इनबादुरै की जीत को अवैध करार दिया। न्यायमूर्ति जी. जयचंद्रन की एकल पीठ ने अपने फैसले में कहा कि वर्ष 2016 से 2021 तक के विधानसभा कार्यकाल के लिए एम. अप्पावु ही राधापुरम के वास्तविक विधायक थे। अदालत ने राज्य के मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि सरकारी अभिलेखों में एम. अप्पावु का नाम विधायक के रूप में दर्ज किया जाए और उन्हें उस अवधि से जुड़े सभी वेतन, भत्ते एवं अन्य वित्तीय लाभ प्रदान किए जाएं। यह विवाद वर्ष 2016 के विधानसभा चुनाव के दौरान शुरू हुआ था, जब तिरुनेलवेली जिले की राधापुरम सीट पर आई. एस. इनबादुरै को मात्र 49 वोटों के अंतर से विजेता घोषित किया गया था। इसके बाद एम. अप्पावु ने पोस्टल बैलेट और मतगणना के अंतिम चरणों में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए अदालत का रुख किया।

### कुछ ना कहना




## इधर व्यापार वार्ता, उधर अमेरिका ने दिया अतिरिक्त टैरिफ का प्रस्ताव

नई दिल्ली,। भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर बातचीत जारी है। दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी नई दिल्ली में बैठकर व्यापारिक रिश्तों को और मजबूत बनाने के रास्ते तलाश रहे हैं। लेकिन इसी दौरान अमेरिका की ओर से उठाया गया एक कदम कई सवाल खड़े कर रहा है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने भारत को उन देशों की सूची में शामिल किया है, जिनके खिलाफ उसने कथित अनुचित व्यापारिक प्रथाओं और जबरन श्रम से जुड़े उत्पादों के आयात को लेकर चिंता जताई है। इतना ही नहीं, अमेरिका ने ऐसे देशों से आने वाले सामान पर 10 फीसदी से 12.5 फीसदी तक अतिरिक्त टैरिफ लगाने का प्रस्ताव भी सामने रख दिया है।

इस प्रस्ताव की टाइमिंग ने इस पूरे घटनाक्रम को और महत्वपूर्ण बना दिया है। एक तरफ दोनों देश ट्रेड डील को अंतिम रूप देने की दिशा में बातचीत कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ अमेरिका का यह कदम भारत के निर्यातकों के लिए नई चिंता लेकर आया है। यही वजह है कि इस कदम को व्यापारिक मोर्चे पर एक बड़े झटके की तरह देखा जा रहा है। यूएसटीआर ने सेक्शन 301 के तहत की गई 60 जांचों के नतीजे जारी किए हैं। इन जांचों में भारत समेत 54 अर्थव्यवस्थाओं को ऐसे देशों की श्रेणी में रखा गया है, जो अमेरिकी आकलन के मुताबिक जबरन श्रम से बने उत्पादों के आयात को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहे हैं। अमेरिका का तर्क है कि ऐसे उत्पाद वैश्विक बाजार में असमान प्रतिस्पर्धा पैदा करते हैं और अमेरिकी कंपनियों तथा श्रमिकों को नुकसान पहुंचाते हैं। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि अगर व्यापारिक साझेदार इस मुद्दे पर पर्याप्त कार्रवाई नहीं करते हैं तो उसे अपने घरेलू उद्योगों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने पड़ेंगे। हालांकि भारत के लिए चिंता की बात यह है कि यह पूरा मामला ऐसे समय सामने आया है जब दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत अपने अहम दौर में पहुंच चुकी है। ऐसे में अतिरिक्त टैरिफ का प्रस्ताव भारतीय निर्यातकों के लिए दबाव बढ़ाने वाला कदम माना जा रहा है। अमेरिका ने संकेत दिया है कि मानक पूरे न करने वाले देशों पर ज्यादा टैरिफ लगाया जा सकता है।

इस सूची में भारत अकेला नहीं है। अमेरिका ने चीन, इजरायल, जापान, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, ओमान, जॉर्डन, बांग्लादेश, मलेशिया, थाईलैंड, ताइवान और वियतनाम जैसे कई प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के नाम भी शामिल किए हैं। पूरे विवाद की जड़ सेक्शन 301 है, जो अमेरिकी हितों के खिलाफ पाए जाने पर जवाबी कार्रवाई का अधिकार देता है। फिलहाल यह केवल एक प्रस्ताव है और अंतिम फैसला अभी नहीं हुआ है।

## टिक-टॉक के संस्थापक झांग बने एशिया के दूसरे नंबर के अमीर इंसान

नई दिल्ली। टिक-टॉक की पैरेंट कंपनी बाइटडांस के सह-संस्थापक झांग यीमिंग ने संपत्ति के मामले में बड़ी कामयाबी हासिल की है। कंपनी के बढ़ते मूल्यांकन और एआई क्षेत्र में मजबूत प्रगति के दम पर उन्होंने भारत के उद्योगपति मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ एशिया के दूसरे सबसे अमीर इंसान बन गए हैं। झांग यीमिंग की कुल संपत्ति बढ़कर 92.8 अरब डॉलर हो गई है। इसके साथ ही वह चीन के सबसे अमीर इंसान के रूप में भी अपनी स्थिति मजबूत करने में सफल रहे हैं। वर्ष 2019 में जब ब्लूमबर्ग ने उनकी संपत्ति का आकलन किया था, तब उनकी कुल दौलत करीब 13 अरब डॉलर थी। पिछले सात सालों में उनकी संपत्ति में सात गुना से ज्यादा इजाफा हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि बाइटडांस की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता और उसके डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की सफलता ने झांग की संपत्ति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। कंपनी का शॉर्ट वीडियो प्लेटफॉर्म टिक-टॉक दुनियाभर में लोकप्रिय है। वहीं, बाइटडांस का एआई चैटबॉट डुओबओ भी चीन में तेजी से लोगों के बीच जगह बना रहा है। यह प्लेटफॉर्म 30 करोड़ से ज्यादा मासिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं के साथ देश का सबसे लोकप्रिय एआई चैटबॉट बन गया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस साल की शुरुआत में बाइटडांस ने अपने अमेरिकी कारोबार के कुछ हिस्सों को अमेरिकी निवेशकों को हस्तांतरित किया था।

## न्यूज गैलरी

## जल संकट से राहत के लिए विधायक निधि से 10 पेयजल टैंकर वितरित

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से राहत दिलाने के उद्देश्य से बालाघाट-लालबर्रा विधानसभा क्षेत्र में विधायक विकास निधि से 10 पेयजल टैंकरों का वितरण किया गया। विधायक अनुभा मुंजारे ने बाघ कॉलोनी स्थित विधायक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों को टैंकर सौंपते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों को पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है।

गर्मी के मौसम में जलस्तर घटने और जल स्रोतों के कमजोर पड़ने से कई गांवों में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो जाती है। इसी



समस्या को ध्यान में रखते हुए विधायक निधि वर्ष 2026-27 के अंतर्गत ग्राम पंचायत बहियाटिकुर, नेवरगांव (वारासिवनी), नेवरगांव (लालबर्रा), टेकाड़ी, नैतरा, कामथी, भाण्डामुर्री, टेंगनीखुर्द, रानीकुठार और चंद्रपुरी को पेयजल टैंकर उपलब्ध कराए गए हैं। विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि विकास निधि का उपयोग ऐसे कार्यों में किया जा रहा है जिनका सीधा लाभ आमजन को मिले। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या दूर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और जरूरत के अनुसार संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि टैंकर मिलने से गांवों में पेयजल वितरण व्यवस्था मजबूत होगी तथा जल संकट के समय लोगों को तत्काल राहत मिल सकेगी। सरपंच धर्नेंद्र राणा ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मांग पर मात्र 10 दिनों के भीतर टैंकर उपलब्ध कराया गया, जो जनहित के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों से पानी का सदुपयोग करने और जल स्रोतों के संरक्षण में सहयोग करने की अपील भी की गई। इस अवसर पर विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 25 साल का सरकारी प्रोजेक्ट बताकर बनाया शिकार, बेरोजगारों और किसानों से लाखों की वसूली का आरोप

### नौकरी, सोलर एनर्जी, पशुपालन और खेती लीज योजनाओं का दिया था लालच, पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।



जिले में सरकारी योजनाओं के नाम पर कथित तौर पर नौकरी और विभिन्न योजनाओं का झांसा देकर युवाओं एवं किसानों से ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में दो दर्जन से अधिक शिक्षित युवाओं तथा कुछ किसानों ने पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा को शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि बीते कुछ महीनों के दौरान कुछ लोगों ने अलग-अलग नामों से कई कंपनियां बनाकर स्वयं को शासकीय योजनाओं से जुड़ा बताया। इन कंपनियों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों की भर्ती की और नियुक्ति के नाम पर उनसे हजारों रुपये लिए। युवाओं का कहना है कि उनसे लगभग चार महीने तक काम कराया गया, लेकिन आज तक उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया। पीड़ित युवाओं ने आरोप लगाया कि कंपनियों ने रोजगार का भरोसा देकर बड़ी संख्या में बेरोजगारों को अपने साथ जोड़ा और बाद में उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। उनका दावा है कि जिलेभर में 100 से अधिक युवक-युवतियां इस कथित धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं।

जिले में बेरोजगार युवक-युवतियों और किसानों को रोजगार, पशुपालन, सोलर एनर्जी सिस्टम, जमीन लीज पर लेकर मुनाफा दिलाने सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ देने का झांसा देकर लाखों-करोड़ों रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। मामले में जिले के कई पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा से शिकायत कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और उनकी राशि वापस दिलाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार जिले में लंबे समय से विभिन्न प्रकार की निवेश और रोजगार योजनाओं के नाम पर लोगों को जोड़ने का सिलसिला चलता रहा है। इसी बीच कुछ पढ़े-लिखे बेरोजगार युवक-युवतियों और किसानों ने शिकायत करते हुए बताया कि कुछ माह पूर्व एक महिला और एक पुरुष द्वारा चार अलग-अलग नामों से कंपनियों का संचालन शुरू किया गया था। इन कंपनियों के माध्यम से 100 से अधिक लोगों को जोड़ा गया और उन्हें बताया गया कि यह शासन से जुड़ा एक बड़ा प्रोजेक्ट है, जो लगभग 25 वर्षों तक संचालित होगा। पीड़ितों का आरोप है कि विभिन्न पदों पर नियुक्ति देने के नाम पर किसी से 50 हजार, किसी से 70 हजार तो किसी से एक लाख रुपये तक की राशि जमा कराई गई। युवाओं को 30 हजार से 50 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन देने का आश्वासन दिया गया था। शुरुआत में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए और अलग-अलग क्षेत्रों में सर्वे का कार्य भी कराया गया। किसानों को पशुपालन, मिट्टी परीक्षण, सोलर एनर्जी सिस्टम, कृषि विकास योजनाओं तथा खेती लीज पर लेकर अधिक मुनाफा दिलाने का भरोसा दिया गया। शिकायतकर्ताओं के अनुसार नगर के उपनगरीय क्षेत्र बूढ़ी रेलवे क्रॉसिंग के पास संचालित ए फॉर एग्रो एसोसिएट कंपनी, आर्या रिन्यूएबल एनर्जी, शिवाय एंड रुद्र कॉर्पोरेशन तथा पूजा एसोसिएट नामक संस्थाओं के माध्यम से युवाओं और किसानों से सुरक्षा निधि एवं पंजीयन शुल्क के नाम पर बड़ी रकम जमा कराई गई। उन्हें यह भी आश्वासन दिया गया था कि जमा की गई राशि बाद में वापस कर दी जाएगी। पीड़ितों का कहना है कि तीन से चार माह तक काम कराने के बाद जब वेतन की मांग की गई तो कंपनी से जुड़े जिम्मेदार लोगों ने टालमटोल शुरू कर दी। कई लोगों को भुगतान के नाम पर चेक दिए गए, लेकिन बैंक में लगाने पर वे चेक वापस हो गए। आरोप है कि चेक पर किए गए हस्ताक्षर भी संदिग्ध पाए गए। इसके बाद जब कंपनी संचालकों से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन उठाना भी बंद कर दिया।

### कोई आर्थिक लाभ नही दिया गया- रविंद्र

पीड़ित किसान रविंद्र कुमार उइके ने बताया कि उनसे खेती को किराये पर देने की प्रक्रिया के नाम पर 40 हजार रुपये लिए गए थे। बदले में लाभांश और परिवार के शिक्षित युवक को रोजगार देने का वादा किया गया था, लेकिन बाद में कोई ठोस प्रक्रिया सामने नहीं आई। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र के कई किसानों से खेती लीज पर लेने और अन्य लाभ दिलाने के नाम पर लाखों रुपये वसूले गए हैं।

### लाखों-करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की गई है - नैयनु लिल्हारे

वारासिवनी क्षेत्र के डोंगरमाली निवासी तारकेश्वर लिल्हारे और नैयनु लिल्हारे ने बताया कि उन्हें सरकारी परियोजना बताकर कंपनी में जोड़ा गया था। नियुक्ति के नाम पर उनसे हजारों रुपये लिए गए और चार माह तक काम कराया गया, लेकिन उन्हें कोई वेतन नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि किसानों से भी रजिस्ट्रेशन और अन्य प्रक्रियाओं के नाम पर शुल्क लिया गया, लेकिन बाद में कोई कार्य नहीं किया गया। अब कंपनी के जिम्मेदार लोग न तो फोन उठा रहे हैं और न ही किसी प्रकार का संतोषजनक जवाब दे रहे हैं। पीड़ितों का दावा है कि यह नेटवर्क केवल बालाघाट तक सीमित नहीं है, बल्कि सिवनी, मंडला सहित मध्यप्रदेश के अन्य जिलों में भी सक्रिय है। उनका आरोप है कि सुनियोजित तरीके से बेरोजगार युवाओं और किसानों को निशाना बनाकर उनसे लाखों-करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की गई है। शिकायत में जबलपुर निवासी सुरेंद्र सुनमानी तथा सिवनी निवासी प्रोजेक्ट मैनेजर पूजा उ? सीमा गड़पाले का भी उल्लेख करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक से वेतन, जमा राशि तथा किसानों से ली गई रकम वापस दिलाने की मांग की है।

### प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है - मयंक तिवारी

इस संबंध में नगर पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं के बयान लिए जा रहे हैं तथा उपलब्ध दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पेट्रोल भराने को लेकर शुरू हुआ विवाद, पेट्रोल पंप पर जमकर चले हाथ-मुक्के

### बिल की राशि पर आपत्ति के बाद बढ़ा मामला, दोनों पक्षों ने दर्ज कराई शिकायत, वायरल वीडियो की जांच में जुटी पुलिस

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** भरवेली थाना क्षेत्र अंतर्गत आंवलाझरी स्थित वैनगंगा इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप में मंगलवार रात पेट्रोल भराने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। पेट्रोल की मात्रा और बिल की राशि को लेकर ग्राहकों एवं पेट्रोल पंप कर्मचारियों के बीच हुई कहासुनी कुछ ही देर में उग्र हो गई और दोनों पक्षों के बीच जमकर हाथ-मुक्के चलने लगे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद मामला क्षेत्रभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 32 नर्मदा नगर निवासी विनय कसार अपने साथी चौबेलाल बर्वे के साथ स्कूटी क्रमांक एमपी 50 एस 6840 में पेट्रोल भरवाने के लिए आंवलाझरी स्थित पेट्रोल पंप पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि विनय ने वाहन का टैंक फुल करने के लिए कहा था। पेट्रोल भरने के बाद पंप कर्मचारी ने मशीन से 631 रुपये का बिल निकालकर उन्हें सौंपा। इसी दौरान विनय कसार ने बिल में दर्ज राशि और पेट्रोल की मात्रा पर आपत्ति जताते हुए कहा कि उनकी स्कूटी में इतनी मात्रा में पेट्रोल नहीं आ सकता। बताया जाता है कि इसी बात को लेकर पहले ग्राहक और कर्मचारियों के बीच बहस शुरू हुई। कुछ देर तक दोनों पक्षों के बीच तर्क-वितर्क चलता रहा, लेकिन मामला शांत होने के बजाय और



बढ़ता गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई और देखते ही देखते मारपीट की नौबत आ गई। पेट्रोल पंप परिसर में मौजूद लोगों के सामने दोनों पक्षों के बीच जमकर हाथ-मुक्के चले, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। घटना के बाद विनय कसार ने आरोप लगाया कि पेट्रोल पंप संचालक अशोक बजाज, इंदु बजाज एवं वहां कार्यरत कुछ कर्मचारियों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आई हैं। उनका कहना है कि उन्होंने केवल बिल की राशि और पेट्रोल की मात्रा को लेकर सवाल उठाया था, लेकिन बात को अनावश्यक रूप से बढ़ाया गया। वहीं दूसरी ओर पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने भी अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को गलत बताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। कर्मचारियों का कहना है कि ग्राहक पक्ष द्वारा पहले विवाद किया गया और उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की गई। कर्मचारियों ने भी स्वयं के साथ मारपीट होने की बात पुलिस को बताई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए भरवेली पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर ली है। पुलिस ने विनय कसार की शिकायत पर पेट्रोल पंप संचालक अशोक बजाज, इंदु बजाज सहित तीन कर्मचारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296(बी), 3(5) एवं 351(3) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। वहीं पेट्रोल पंप कर्मचारी की शिकायत पर विनय कसार और चौबेलाल बर्वे के विरुद्ध भी इन्हीं धाराओं के तहत मामला कायम किया गया है। घटना के अगले दिन बुधवार को भरवेली थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने पेट्रोल पंप परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर अपने कब्जे में लेकर फुटेज की जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि विवाद की शुरुआत किस कारण हुई और मारपीट के दौरान किस पक्ष की क्या भूमिका रही, इसका पता सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर लगाया जाएगा। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने इस घटना को और अधिक चर्चा में ला दिया है।

## ग्राम जागपुर की बेटी ने बढ़ाया जिले का मान, एमबीबीएस उपाधि के साथ मिला स्वर्ण पदक

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** प्रतिभा और मेहनत के बल पर सफलता की नई मिसाल कायम करते हुए जिले के ग्राम जागपुर की बेटी डॉ. वेदिका गेडाम ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्हें शहडोल स्थित बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह के दौरान एमबीबीएस की उपाधि प्रदान की गई। इसके साथ ही पीडियाट्रिक्स (बाल रोग) विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें स्वर्ण पदक से भी सम्मानित किया गया। डॉ. वेदिका गेडाम, प्रशांत गेडाम एवं श्रीमती पंचशीला गेडाम की सुपुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि ग्राम जागपुर और पूरे बालाघाट जिले को गौरवान्वित किया है। दीक्षांत समारोह में महाविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों, प्राध्यापकों एवं अतिथियों ने उन्हें सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कहा जाता है कि सफलता केवल सपने देखने से नहीं, बल्कि उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर मेहनत और समर्पण से मिलती है। डॉ. वेदिका ने भी अपने कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। चिकित्सा शिक्षा के दौरान उन्होंने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें बाल रोग विषय में स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। उनकी इस उपलब्धि पर ग्राम जागपुर सहित जिलेभर के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। ग्रामीणों और शुभचिंतकों का कहना है कि डॉ. वेदिका की सफलता क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर भी बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। डॉ. वेदिका गेडाम ने अपनी सफलता का श्रेय



अपने माता-पिता, परिवारजनों, शिक्षकों एवं मार्गदर्शकों को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार और गुरुओं के निरंतर सहयोग एवं प्रोत्साहन के बिना यह सफलता संभव नहीं थी। उन्होंने भविष्य में चिकित्सा सेवा के माध्यम से समाज और मानवता की सेवा करने का संकल्प भी व्यक्त किया। डॉक्टर बनने के साथ-साथ स्वर्ण पदक हासिल कर डॉ. वेदिका गेडाम ने न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि बालाघाट जिले को भी गौरवांवित किया है। उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।

# अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने ग्रामीण पहुंचे एसपी कार्यालय

### सरपंच सहित महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन, कहा- शराब के कारण बिगड़ रहा गांव का माहौल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मुख्यालय से लगभग 5 से 6 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत बगदरा के सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर गांव में संचालित अवैध शराब कारोबार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए गांव में खुलेआम बिक रही कच्ची और पक्की शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई। ग्राम पंचायत बगदरा की सरपंच येशुला नागपुरे ने बताया कि गांव में कुछ लोगों द्वारा लंबे समय से अवैध रूप से शराब का विक्रय किया जा रहा है। इसके कारण गांव का सामाजिक माहौल लगातार खराब हो रहा है। उन्होंने कहा कि शराब की आसान उपलब्धता के चलते कई लोग नशे के आदी हो रहे हैं, जिससे परिवारों में विवाद और घरेलू हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। नशे की हालत में लोग घर पहुंचकर पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट करते हैं तथा कई बार शराब की लत के कारण घर का सामान तक बेच देते हैं।

ग्रामीण महिलाओं ने भी पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि गांव के विभिन्न चौक-चौराहों पर अवैध रूप से कच्ची एवं पक्की शराब बेची जा रही है। शराब बिक्री के स्थानों पर दिनभर नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और राहगीरों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। महिलाओं का कहना है कि कई बार शराब के नशे में लोग सार्वजनिक स्थानों पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, जिससे गांव का वातावरण प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बगदरा क्षेत्र से होकर खुटिया, कटंगी, लिंगा, अमेड़ा, रट्टा और परसवाड़ा सहित कई गांवों के लोग आवागमन करते हैं। शराब पीने वाले लोग अक्सर सड़क पर ही वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे यातायात प्रभावित होता है। वाहन हटाने या रास्ता देने की बात कहने पर कई बार विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में पूर्व में नवेगांव थाना पुलिस को भी शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ अपेक्षित सख्त कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले बढ़ते जा रहे हैं। परिणामस्वरूप गांव में शराब का कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गांव में बढ़ती शराबखोरी का सबसे अधिक दुष्प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ रहा है। कई युवा नशे की गिरफ्त में आते जा रहे हैं, जिससे उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है। वहीं शराब के कारण गांव में आए दिन विवाद, झगड़े और पारिवारिक कलह की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि गांव में अवैध रूप से शराब बेचने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा गांव को अवैध शराब कारोबार से मुक्त कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण मिल सके।



# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे एकदिवसीय में पाकिस्तान को 41 रन से हराकर सीरीज में 1-1 से वापसी की

लाहौर। जोश इंगलिस और कैमरन ग्रीन की अच्छी बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने यहां खेले गये दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में मेजबान पाकिस्तान को 41 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। वहीं पहले एकदिवसीय में पाक टीम जीती थी। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए इस दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 231 रन बनाये। इंगलिस ने 51 जबकि ग्रीन ने 53 रन बनाये।

इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान पाक टीम 44 ओवर में केवल 190 रनों पर ही आउट हो गयी। इस मैच में टॉस जीतकर पाकिस्तान ने मेहमान टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया।



ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही, जहां पहली ही गेंद पर ओपनर एलेक्स कैरी शाहीन अफरीदी का शिकार बने और बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसके बाद मैथ्यू शॉर्ट 15 और मार्नस लाबुशेन 5 रन बनाकर आउट हो गए। इससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 10.4 ओवर में 3 विकेट पर 51 रन हो गया। इसके बाद कप्तान जोश इंगलिस और कैमरन ग्रीन ने पारी को संभाला। इंगलिस ने 74 गेंदों में 51 रनों की कप्तानी पारी खेली, जबकि ग्रीन ने 92 गेंदों में 53 रन बनाए। मैट रेनशॉ ने तेजी से 43 गेंदों में 43 रन और ओलिवर पीक ने 32 गेंदों में 31 रनों का योगदान दिया, जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 231 रन बनाने में सफल रही। पाकिस्तान की ओर से शाहीन अफरीदी ने 3 विकेट जबकि स्पिनर अराफात मिन्हास ने 10 ओवर में 27 रन देकर 2 अहम विकेट लिए। अबरार अहमद और हारिस रऊफ को भी 2-2 विकेट मिले।

जीत के लिए 232 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम की शुरुआत भी खराब रही। सलामी बल्लेबाज साहबजादा फरहान 3 और माज सदाकत 0 पर आउट हो गए। अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम भी केवल 16 रन बनाकर अपना विकेट खो बैठे। विकेटकीपर गाजी गौरी ने 37 रन बनाय पर दूसरे छोर से कोई बड़ा साथ नहीं मिल सका। सलमान आगा 7 और अब्दुल समद 2 रन बनाकर आउट हुए। अनुभवी शादाब खान और युवा अराफात मिन्हास ने मिलकर पारी को संभालने का प्रयास किया। कप्तान शादाब खान ने 104 गेंदों में 71 रन बनाए, जिसमें 3 छक्के और 1 चौका शामिल था। अराफात मिन्हास ने भी 33 रन बनाये। पाकिस्तान की पूरी टीम 44 ओवर में महज 190 रनों पर आउट हो गई। वहीं ऑस्ट्रेलिया की तरफ से तेज गेंदबाज नाथन एलिस ने 9 ओवर में 33 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि स्पिनर मैथ्यू शॉर्ट ने 3 विकेट लिए।

# अर्जुन तेंदुलकर ने ऑलराउंड प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलायी

मुम्बई । यहां खेली जा रही मुंबई टी20 लीग में अर्जुन तेंदुलकर ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा है। इससे पहले आईपीएल में एक ही मैच खेल पाये अर्जुन ने यहां हुए चौथे मुकाबले में 'एआरसीएस अंधेरी' की ओर से खेलते हुए अच्छी गेंदबाजी और बल्लेबाजी कर अपनी टीम को जीत दिलायी। अर्जुन ने इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए छक्का जड़कर अपनी टीम को 14 ओवरों में ही जीत दिला दी। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर की सोबो मुंबई फाल्कन्स को 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में में फाल्कन्स की टीम 18.2 ओवर में केवल 126 रन ही बना पायी। एआरसीएस अंधेरी की ओर से शिवम दुबे ने 17 रन देकर 3 विकेट और अजय मिश्रा ने 27 रन देकर 3 विकेट लिए।

इसके बाद एआरसीएस अंधेरी ने 14 ओवर में ही 5 विकेट खोकर 127 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

इस मुकाबले में एआरसीएस अंधेरी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए सोबो मुंबई फाल्कन्स को 18.2 ओवर में केवल 126 रनों पर ही समेट दिया। फाल्कन्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही।



सलामी बल्लेबाज ईशान मूलचंदानी सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हो गये। वहीं कप्तान श्रेयस अय्यर भी केवल 5 रन ही बना पाये। आदित्य तारे ने इसके बाद 39 गेंदों में 6 चौके व 2 छक्कों की मदद से शानदार 59 रन बनाये पर अन्य बल्लेबाज विफल रहे। अर्जुन तेंदुलकर ने 3 ओवर में केवल 21 रन देकर वेदांत गोरे को 4 रनों पर ही पेवेलियन भेज दिया। सोबो मुंबई फाल्कन्स की पूरी टीम 18.2 ओवर में केवल 126 रनों पर ही आउट हो गयी।

जीत के लिए मिले 127 रनों के आसान से लक्ष्य का पीछा करने उतरी एआरसीएस अंधेरी की शुरुआत भी खराब रही। आयुष जेठवा शुन्य पर ही पेवेलियन लौट गये। इसके बाद सलामी बल्लेबाज दिव्यांश सक्सेना ने पारी संभाली और 33 गेंदों में 4 चौके व 3 छक्के लगाकर 50 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं प्रगनेश ने 26 रन जबकि प्रसाद पवार ने 21 रन बनाये। कप्तान शिवम दुबे 16 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अर्जुन तेंदुलकर ने तेजी से बल्लेबाजी कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। उन्होंने दो गेंदों में एक छक्के के साथ नाबाद 7 रन बनाकर टीम को 14 ओवर में ही 5 विकेट पर 127 रनों तक पहुंचा दिया।

# कैप्सी और हीथर की शानदार बल्लेबाजी से इंग्लैंड ने तीसरे टी20 में भारतीय टीम को हराया

टांटन। इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने भारतीय टीम को तीसरे टी20 मुकाबले में 6 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है। इंग्लैंड टीम की जीत में एलिस कैप्सी और हीथर नाइट ने मुख्य भूमिका निभाई। इन दोनो ने ही अर्धशतकीय पारियां खेलीं। इस मैच में भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान हरमनप्रीत कौर के अर्धशतक 56 रनों की पारी से निर्धारित 20 ओवरों में 180 रन बनाए थे। इसके बाद मेजबान टीम ने ये लक्ष्य 18.3 ओवर में ही 184 रन बनाकर हासिल कर लिया।



इंग्लैंड की ओर से कैप्सी ने 43 गेंद में 9 चौके और 3 छक्के लगाकर सबसे अधिक 82 रन बनाये। वहीं हीथर नाइट ने 42 गेंद में 10 चौके लगाकर नाबाद 70 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान टीम इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। उसने केवल 38 रनों पर ही अपने 3 विकेट खो दिये। इसके बाद कैप्सी और नाइट ने पारी को संभाला ।

वहीं भारतीय टीम की तरफ से गेंदबाजी अच्छी नहीं रही। अरुनधति रेड्डी और क्रांति गौड़ के अलावा और कोई भी विकेट नहीं ले पायी। इन दोनों ने 2-2 विकेट लिए पर अन्य गेंदबाज असफल रहे।

वहीं इससे पहले भारतीय टीम की बल्लेबाज भी उम्मीद के अनुसार नहीं रही। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 40 गेंद में नाबाद 56 रन बनाकर टीम को 180 रन तक पहुंचाया। हरमनप्रीत के अलावा टीम यस्तिका भाटिया और दीप्ति शर्मा ने 32-32 व जेमिमा रोड्रिग्स ने 29 रन बनाये। वहीं अन्य बल्लेबाज असफल रहीं।

# न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने भारतीय टीम के खिलाफ घरेलू सीरीज का कार्यक्रम घोषित किया

## 22 अक्टूबर से 1 दिसंबर तक खेले जाएंगे मुकाबले

ऑकलैंड । न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने इस साल के अंत में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज के लिए कार्यक्रम घोषित कर दिया है। भारतीय टीम अक्टूबर में न्यूजीलैंड दौरे पर पहुंचेगी जहां उसे पांच टी20, पांच एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय और दो टेस्ट मैचों की एक लंबी सीरीज खेलेगी। इस प्रकार कुल 12 मुकाबले पांच अलग-अलग स्थलों पर खेले जाएंगे, जिसकी शुरुआत 22 अक्टूबर से होगी और यह 1 दिसंबर तक चलेगी।

यह पहली बार होगा जब न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अपनी धरती पर भारत के खिलाफ एक साथ तीन अलग-अलग प्रारूपों में 12 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। भारतीय टीम साल 2019 के बाद पहली बार न्यूजीलैंड की धरती पर टेस्ट सीरीज के लिए पहुंचेगी। साल 2022 के बाद यह भारतीय टीम का पहला सीमित ओवरों का दौरा होगा।



भारतीय टीम अपने न्यूजीलैंड दौरे की शुरुआत में पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। पहला टी20 मुकाबला 22 अक्टूबर को क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा, जिसके बाद दूसरा टी20 भी 24 अक्टूबर को उसी मैदान पर खेला जाएगा। वहीं सीरीज का तीसरा मैच 27 अक्टूबर को वेलिंगटन में और चौथा टी20 30 अक्टूबर को ऑकलैंड में, और पांचवां व अंतिम टी20 1 नवंबर को हैमिल्टन में खेला जाएगा। टी20 सीरीज के बाद, दोनों टीमें पांच मैचों की एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सीरीज में खेलेगी। एकदिवसीय सीरीज का पहला मुकाबला 4 नवंबर को ऑकलैंड में खेला जाएगा। वहीं दूसरा एकदिवसीय मुकाबला 7 नवंबर को वेलिंगटन में खेला जाएगा। तीसरा मैच 10 नवंबर को हैमिल्टन में होगा। अंतिम दो एकदिवसीय मुकाबले माउंट माउंगानुई में 13 नवंबर और 15 नवंबर को खेले जाएंगे वहीं अंत में दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। पहला टेस्ट मैच 19 से 23 नवंबर तक वेलिंगटन में खेला जाएगा, जो दोनों टीमों के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से महत्वपूर्ण होगा। दूसरा और अंतिम टेस्ट 27 नवंबर से 1 दिसंबर तक क्राइस्टचर्च में आयोजित होगा, जिसके साथ भारत का यह दौरा समाप्त होगा। भारत के खिलाफ इस सीरीज के अलावा, न्यूजीलैंड कीवी टीम घरेलू मैदान पर श्रीलंका और बांग्लादेश के खिलाफ भी सीरीज की मेजबानी करेगी, और जनवरी के अंत व फरवरी की शुरुआत में अपने घरेलू सत्र का समापन करेगी।

# पहली बार भारतीय टीम की मेजबानी करेगा अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड

## सितंबर में खेली जाएगी तीन मैचों की सीरीज

मुम्बई। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) अपनी घरेलू सीरीज के लिए पहली बार भारत की मेजबानी करने जा रहा है। भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की ये टी20 सीरीज इसी साल सितंबर में नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेली जाएगी। हालांकि अभी कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है पर माना जा रहा है कि 13, 16 और 19 सितंबर को ये मुकाबले होंगे। एसीबी अपने देश में राजनीतिक अस्थिरता और सुरक्षा चिंताओं के कारण पिछले एक दशक से अपने घरेलू मुकाबले भारत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों में आयोजित करता आ रहा है। बीसीसीआई और एसीबी के बीच अच्छे संबंध हैं, बीसीसीआई ने पूर्व में भी आयरलैंड, श्रीलंका और जिम्बाब्वे जैसे छोटे बोर्डों की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए कई बार सीरीज खेली हैं

अफगानिस्तान की टीम अभी 6 जून से भारतीय टीम के साथ एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी। वहीं इसके बाद वह भारतीय टीम की मेजबानी करना चाहती है। इसको लेकर दोनों बोर्डों के बीच सहमति बन गयी है और कुछ औपचारिकताओं के पूरे होते ही इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी जाएगी।यदि अफगानिस्तान की टीम सितंबर में अरुण जेटली स्टेडियम में टीम इंडिया की मेजबानी करती है, तो दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के कार्यक्रम में बदलाव किया जा सकता है। बीसीसीआई ने एसीबी और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के बीच इस सीरीज के लिए अफगानिस्तान को घरेलू मैदान की उपलब्धता को लेकर मध्यस्थता की है। वहीं डीडीसीए भी अपनी दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 का कार्याक्रमक इसी के अनुसार तैयार कर रहा है। यह पहला अवसर नहीं होगा जब अफगानिस्तान ने भारत के किसी स्टेडियम को अपने घरेलू मैदान के रूप में इस्तेमाल किया हो। इससे पहले, अफगानिस्तान ने 2017 में ग्रेटर नोएडा में आयरलैंड की मेजबानी की थी और फिर 2018 में देहरादून में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज की मेजबानी की थी।

# नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भारत के प्रज्ञाननंदा जीते, गुकेश हारे

ओस्लो । यहां आयोजित नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भारत को मिली जुली सफलता मिली है। जहां भारतीय युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और मेजबान देश नार्वे के मैग्नस कार्लसन को शिकस्त दी। वहीं भारत के ही डी गुकेश को फ्रांस के अलीरेज़ा फ़िरोजा के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा है। प्रज्ञाननंदा की खिताबी उम्मीदें बनी हुई हैं पर गुकेश की समाप्त हो गयी हैं। प्रज्ञाननंदा ने कार्लसन को क्लासिकल बाजी में उन्हें दूसरी बार मात दी अब उनके इस टूर्नामेंट में पहले भारतीय चैंपियन बनने की उम्मीदें बढ़ी हैं। एलीट डबल राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में इसभारतीय खिलाड़ी ने पहले भी कार्लसन को क्लासिकल बाजी में शिकस्त दी थी।



इस जीत से प्रज्ञाननंदा अब 12 अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं दूसरी ओर इस हार से कार्लसन की आठवीं बार नॉर्वे शतरंज खिताब जीतने की उम्मीदें टूटी हैं। अब केवल दो दौर का खेल बचा हुआ है और ऐसे में मौजूदा चैंपियन कार्लसन का जीतना संभव नहीं है। वहीं दूसरी ओर गुकेश की तीसरी हार के साथ ही उनके खिताब जीतने की उम्मीदें तकरीबन खत्म हैं। गुकेश को फ्रांस के अलीरेज़ा फ़िरोजा ने क्लासिकल मुकाबले में हराया। इससे अलीरेज़ा 13 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। .गुकेश के अभी केवल आठ अंक हैं और वह अपने अगले दो मैचों में क्लासिकल में जीतने पर भी अधिकतम 14 अंक तक ही पहुंच सकते हैं।

# फ्रैंचाइजी के लिए बेहद महंगे साबित हुए ऋषभ, हर रन लाखों रुपये का पड़ा

मुम्बई। लखनऊ सुपर जायंट्स क्रिकेट टीम के कप्तान ऋषभ पंत आईपीएल के 19 वें सत्र में असफल रहे। वह फ्रैंचाइजी के लिए बेहद महंगे साबित हुए। उनके एक-एक रन के लिए उसे लाखों रुपये चुकाने पड़े। ऋषभ कप्तानी के साथ ही बल्लेबाजी में भी विफल रहे। इससे उनकी टीम लखनऊ सुपर जायंट्स का प्रदर्शन बेहद खराब रहा और टीम अंकतालिका में अंतिम स्थान पर रही। एक बल्लेबाज और कप्तान के तौर पर ऋषभ अपनी टीम को कोई लाभ नहीं पहुंचा सके। यहां तक कि उगर उनको मिलने वाली रकम का आंकलन करें तो फैंचाइजी के लिए उनका हर एक रन लाखों रुपये का पड़ा है। ये सामने आया है कि ऋषभ के एक-एक रन की कीमत लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए करीब 8.65 लाख रुपये रही। उन्हें 27 करोड़ रुपये पर रखा गया था।



कप्तान ने 14 मैचों में कुल 312 रन बनाए। इस प्रकार देखा जाये तो उनका प्रति रन 8,65,384 रुपये का रहा है।

पिछले साल आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में फैंचाइजी ने ऋषभ को 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। उस सत्र में, उन्होंने 14 मैचों में केवल 269 रन बनाए थे। इन आंकड़ों के आधार पर, 2025 में उनके प्रत्येक रन की कीमत 10 लाख 3 हजार 717 रुपये से भी अधिक रही थी, जिसने फैंचाइजी के लिए वह काफी महंगे साबित हुए थे।

अगर हम पिछले दो सत्र के प्रदर्शन को एक साथ देखें, तो ऋषभ ने कुल 54 करोड़ रुपये की सैलरी पर 581 रन बनाए हैं। इस प्रकार, उनके हर एक रन की औसत कीमत 9 लाख 29 हजार 432 रुपये प्रति रन बैठती है। यह आंकड़ा लीग के सबसे महंगे खिलाड़ियों में से एक होने के बाद भी उनके बेहद खराब प्रदर्शन को दिखाता है।

उनकी कप्तानी में, टीम 2025 में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई, और 2026 में भी यही हुआ। वह अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर रही। 2026 में सुपर जायंट्स ने 14 में से सिर्फ 4 मैच जीते, जबकि 2025 में 6 मुकाबले। कुल 28 मैचों में से केवल 10 जीत का खराब रिकॉर्ड उनके कप्तानी छोड़ने का मुख्य कारण बताया है।

# फीफा विश्वकप में खेलते नजर आयेंगे भारतीय मूल के ये चार फुटबॉलर

कोलकाता । 11 जून से अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में शुरु हो रही फीफा विश्कपकप फुटबॉल को लेकर दुनिया भर की तरह ही भारत में भी फुटबॉल प्रशंसक उत्साहित हैं।

देश में इसके प्रसारण को लेकर गतिरोध समाप्त होने से भी फुटबॉल प्रशंसक टीवी पर मैच देखने को लेकर उत्साहित हैं। इस बार विश्वकप में भारतीय मूल के चार खिलाड़ी भी खेलते नजर आयेंगे। ये सभी अलग-अलग देशों की ओर से उतर रहे हैं। भारतीय प्रशंसक भी इन सभी को खेलते हुए देखने का इंतजार कर रहे हैं।

इस बार कुल 48 टीमें विश्व कप में हिस्सा ले रही हैं। विश्वकप में खेलने वाले भारतीय मूल के ये फुटबॉलर हैं

**तहसीन जमशीद** - 19 वर्षीय विंगर तहसीन जमशीद, जिनका जन्म दोहा में हुआ, लेकिन उनकी जड़ें केरल के कन्नूर जिले से जुड़ी हैं। उनके माता-पिता मलयाली हैं वह कतर टीम से खेल रहे हैं। तहसीन को कतर की प्रारंभिक टीम में शामिल किया गया है, और केरल के प्रशंसकों को पूरी उम्मीद है कि वह अंतिम टीम में भी जगह बना पाएंगे। तहसीन के पिता भी पूर्व फुटबॉलर रह चुके हैं और उन्होंने कतर के लिए अंडर-17 और अंडर-19 स्तर पर खेला है।



**सरप्रीत सिंह** - न्यूजीलैंड के लिए खेलने वाले सरप्रीत सिंह पर भी सबकी निगाहें होंगी। 27 वर्षीय सरप्रीत एक अटैकिंग मिडफील्डर हैं, जिनके परिवार का संबंध पंजाब के जालंधर से है। वह 2018 से न्यूजीलैंड की सीनियर टीम के लिए खेल रहे हैं और अब तक तीन महत्वपूर्ण गोल दाग चुके हैं।

**सैमुअल मुतुसामी** - कांगो की टीम में तमिल मूल के खिलाड़ी सैमुअल मुतुसामी को जगह मिली है। 29 वर्षीय यह डिफेंसिव मिडफील्डर पेरिस में जन्मे हैं, उनकी मां कांगो की हैं जबकि पिता तमिल मूल के इंडो-गुआराडेलूपियन हैं। सैमुअल ने 2019 में कांगो के लिए अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था।

**निशान वेलुपिल्ले** - इस सूची में चौथा नाम निशान वेलुपिल्ले का है, जो ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल हैं। एक विंगर के रूप में खेलने वाले निशान के पिता तमिलनाडु से जुड़े एक मलेशियाई नागरिक हैं, जबकि उनकी मां एंग्लो-इंडियन हैं। यह बात भारतीय फुटबॉल प्रेमियों के लिए और भी खास है क्योंकि 2006 के बाद यह पहला विश्व कप होगा, जिसमें कोई भारतीय मूल का खिलाड़ी दिखाई देगा।

गौरतलब है कि विश्वकप में अंतिम बार विकास धोरासू ने फ्रांस के लिए खेलकर भारत का नाम रोशन किया था। इन चारों खिलाड़ियों का विश्व कप में शामिल होना भारतीय फुटबॉल के लिए एक नया अध्याय खोलेगा और दुनिया भर के भारतीय फैंस को अपनी जड़ों से जुड़े इन सितारों को समर्थन देने का एक अनूठा अवसर मिलेगा।

# पांड्या सीओई पहुंचे, रोहित का हो रहा इंतजार

बेंगलुरु । भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज से पहले रिहैब के लिए बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) पहुंचने को कहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार पांड्या तो यहां पहुंच गये हैं पर रोहित अब तक नहीं पहुंचे हैं।एकदिवसीय सीरीज के लिए दोनों खिलाड़ी भारतीय दल में शामिली हैं हालांकि इनकी भागीदारी का फैसला फिटनेस पर निर्भर करेगा। एक रिपोर्ट के पांड्या एक हफ्ते से अधिक समय तक अपनी रिकवरी प्रक्रिया पूरी करेंगे, जिसके बाद वह भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे।

वहीं आईपीएल के दौरान रोहित भी हैमस्ट्रिंग इंजरी का शिकार हुए थे जबकि पांड्या भी



चोट के चलते मुंबई इंडियंस के लिए कुछ मैचों में अनुपस्थित रहे थे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने इन दोनों खिलाड़ियों को उनकी फिटनेस का आंकलन करने और रिहैब प्रक्रिया से गुजरने के लिए सीओई में बुलाया था। वहां उनकी शारीरिक दक्षता का परीक्षण किया जाएगा। इसमें रिहैब के बाद अगर ये पूरी तरह फिट पाए जाते हैं, तो ही आगामी एकदिवसीय सीरीज में खेलेंगे।रोहित का पूरा ध्यान अगले साल होने वाले एकदिवीसय विश्व कप पर केंद्रित है। वहीं, हार्दिक भी एकदिवसीय और टी20 पर ही ध्यान दे रहे हैं। पांड्या ने पिछले साल मार्च में भारत के लिए आखिरी बार एकदिवसीय मैच खेला था, और उसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं।

भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 13 जून से शुरू होगी। पहला वनडे धर्मशाला में 13 जून को खेला जाएगा। दूसरा मैच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में 17 जून को और तीसरा मैच 20 जून को चेन्नई में खेला जाएगा।

# इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में फ्लाप रहीं मंधाना

टांटन। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में भी असफल रहीं और 9 गेंदों में 8 रन ही बना पायी। इसी के साथ ही मंधाना के नाम एक ऐसा अनचाहा रिकार्ड दर्ज हो गया है जिसे वह भूलना चाहेंगी। इस सीरीज में वह केवल 40 रन ही बना पायीं। यह इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज में मंधाना का अब तक का सबसे कम स्कोर है। इस पूरी सीरीज में मंधाना का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। पहले मुकाबले में वह खाता भी नहीं खोल पायीं। दूसरे टी20 में उन्होंने 32 रन जबकि तीसरे और अंतिम मैच में 8 रन बनाये। ये इंग्लैंड के खिलाफ किसी भी तीन टी20 मैचों की सीरीज में उनका अब तक का सबसे कम स्कोर है।

